राजस्थान सरकार

आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan

Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/ISDC/Gyan Ganga/2020/176; दिनांक : 07th January 2021

प्राचार्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय
राजस्थान।

विषय : दिनांक 11 जनवरी 2021 से आरम्भ हो रहे ज्ञान गंगा कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में।

सन्दर्भः आकाशि का पत्रांक CCE/ISDC/Gyan Ganga/2020/133; दिनांकः 24th Dec. 2020 एवं पत्रांक CCE/ISDC/Gyan Ganga/2020/139; दिनांक : 30th Dec. 2020 के कम में।

लेख है कि दिनांक 11 जनवरी 2021 से विभिन्न विषयों में आयोजित होने जा रहे ज्ञान गंगा कार्यक्रम के प्रथम चरण में 10 राजकीय महाविद्यालयों में निर्देशित 10 विषयों में प्रशिक्षण हेतु संकाय सदस्यों को नामित किया गया है, जिसकी सूचना आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयुपर की वेबसाइट पर दिनांक 5 जनवरी 2021 को अपलोड करवा दी गई है। इन कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में प्राचार्य एवं सहभागी संकाय सदस्य सभी ध्यान दें कि –

1. इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए नामित संकाय सदस्यों को सूचित करने का दायित्व उनके पदस्थापन महाविद्यालय के प्राचार्य का है। अतः प्राचार्यगण संकाय सदस्यों को इस प्रशिक्षण में नामित होने के संबंध में लिखित सूचित करते हुए रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए निर्देशित करें।
2. नामित सभी संकाय सदस्यों को प्रशिक्षण में भाग लेना अनिवार्य है। किसी विशेष परिस्थिति वश भाग नहीं ले पाने की स्थिति में संबंधित संकाय सदस्य अपने प्राचार्य के माध्यम से आयुक्तालय को अनुरोध प्रेषित करेंगे जिसका तार्किक परीक्षण कर आवश्यक होने पर अनुमति जारी की जाएगी।
3. **नामित संकाय सदस्य आयुक्तालय द्वारा जारी नामित सूची आदेश में दिये गये मोबाइल नंबर्स पर स्वयं संपर्क करेंगे।** रजिस्ट्रेशन लिंक, कार्यक्रम विवरण एवं इस आयोजन से संबंधित आवश्यक जानकारी स्वयं प्राप्त करेंगे। **इस कार्य की जानकारी एवं विवरण प्राप्त करने के लिए आयुक्तालय स्तर पर संपर्क किए जाने का कोई औचित्य नहीं है।**
3. सभी संकाय सदस्यों को आयोजक महाविद्यालयों के द्वारा आवंटित समयसारिणी अनुसार अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करनी है।
4. सभी सदस्यों को अपना दैनिक ऑनलाइन फीडबैक भरना अनिवार्य है। तथा **कार्यक्रम समाप्ति के बाद अपना फीडबैक सादे कागज पर लिखकर जिसमें कार्यक्रम के श्रेष्ठ बिंदु, कार्यक्रम सुधार हेतु आवश्यक सुझाव एवं विचार लिखने हैं।** यह फीडबैक अपने महाविद्यालय के प्राचार्य को प्रस्तुत करना है, जिसे प्राचार्य द्वारा 19 जनवरी 2021 तक आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर को gyanganga.cceraj@gmail.com ई–मेल पर भिजवाया जाना है।

07/01

सन्देश नायक, IAS
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा

पत्रांकः : CCE/ISDC/Gyan Ganga/2020/177; दिनांक : 07th January 2021

सूचनार्थ प्रतिलिपिः

1. निजी सचिव, आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
4. समस्त प्रभारी अधिकारीगण, कॉलेज समूह, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान को निर्देशानुसार अपने संबंधित महाविद्यालयों को सूचित/साझा करने हेतु।
5. समस्त क्षेत्रीय सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यलय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान को निर्देशानुसार उनके संबंधित सम्भागों में महाविद्यालयों को सूचित/साझा करने हेतु।
6. वैब प्रभारी, आकाशि को वैबसाइट पर अपलोड करने एवं संबंधितों को ई–मेल करने हेतु।
7. रक्षित पत्रावली।

07/01/2021

डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी,
नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ